### एक नजर में

## बुरहानपुर में यादव बंधु बने मिस्टर बुरहानपुर



बुरहानपुर। बुरहानपुर में डांस एवं फैशन शो का ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ डांस एवं फैशन शो के कार्यक्रम में यादव बंधुओं ने बाजी मारी अलग. अलग वर्ग में हुए फैशन शो में तेजवीरसिंह यादव और समरजीतसिंह यादव मिस्टर बुरहानपुर एवं मिस्टर बुरहानपुर जूनियर चुने गये।रेम्प पर अपना जलवा बिखेरते हुए दोनों भाई सिनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग में मिस्टर बुरहानपुर बने। प्रसिध्द कोरियोग्राफर एवं डांस टीचर श्री विजय महाजनए मेट्रो डांस क्लास बुरहानपुर द्वारा आयोजित बियॉन्ड द स्टार डांस एंड फैशन शो सीजन 2 में डांस एवं फैशन शो कॉम्पीटिशन में 200 से अधीक प्रतिभागीयों ने भाग लिया एवं अलग. अलग वर्गो की प्रतियोगिता में कलाकारों ने 50 हजार रुपयें से अधिक के ईनाम जीते।कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में वतन फैशन गुरुकुल की संचालिका किरण रायकवार, भाजपा नेता गजेंद्र पाटिल, बीजेपी जिला अध्यक्ष मनोज माने सहित अन्य अतिथिगण शामिल हुए। मिस्टर बुरहानपुर बना तेजवीर नेहरू मोंटेसरी स्कूल में कक्षा 11 का छात्र है एवं दिसंबर 2019 में आयोजित हुए बियॉन्ड द स्टार डांस एंड फैशन शो सीजन 1 में भी जुनियर केटेगरी में मास्टर बुरहानपुर चुना गया था।समरजीत केन्द्रीय विघालय बुरहानपुर में कक्षा 04 का छात्र है।दोंनो को उनके स्कूलो में प्रबंधन की ओर से भी शुभकामनाऐं दी जाकर सम्मानित किया गया।

## सेवासदन महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



प्रेरणा भोइटे | 1. उर्वशी चौहान (प्लेन) | 3. आर्या राजपूत | 3. चारू शाह

बुरहानपुर। सेवासदन महाविद्यालय के बी.एस.सी. (प्लेन एवं कम्प्यूटर साइंस) द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस) में प्रथम स्थान पर कु. प्रेरणा भोइटे ने 8.40 एजीपीए अंक, द्वितीय स्थान पर कु. आर्या राजपूत ने 8.35 एजीपीए अंक तथा तृतीय स्थान पर कु. चारू शाह ने 8.15 एजीपीए अंक प्राप्त किये। साथ ही बी.एस.सी. (प्लेन) में प्रथम स्थान पर कु. उर्वषी चौहान ने 7.35 एजीपीए अंक प्राप्त कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। सेवासदन षिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने छात्र-छात्राओं की इस उत्कृष्ट सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि इस उत्कृष्ट सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कडी मेहनत एवं गुरूजनों के मार्गदर्षन एवं षिक्षा समिति द्वारा विद्यार्थियों को दी गई अध्ययन सुविधा को जाता है।समिति सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर श्री मनीष पटेल, प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील, विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द दुबे, डॉ. रूपाली श्रॉफ डॉ. ज्योति कापडिया, डॉ. सुषील माहेष्वरी, प्रो. नरेन्द्र भारद्वाज, प्रो. सुजित पटेल, डॉ. सुनील दीक्षित, प्रो. अरूणा दीक्षित, डॉ. लीना जाधव, प्रो. भरत रावल, प्रो. अर्पिता गढे, प्रो. योगिता महाजन एवम महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये हर्ष व्यक्त किया।

## लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की टीम ने स्वास्थ्य संस्थानों का किया निरीक्षण



बुरहानपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं हितग्राही मूलक योजनाओ के सफल क्रियान्वयन हेतु लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की टीम जिले के भ्रमण पर है।इस टीम में शामिल डॉ.मोहम्मद आसिफएवं डॉ. विपिन व्दारा जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में टीम द्वारा 29 जुलाई को जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो सहित एसएनसीयूएनआरसी, मेंटल हैल्थ, एनसीडी, ब्लड बैंक, लेबर रूम, पैथोलॉजी एवं नेत्र अस्पताल आदि में उपलब्ध चिकित्सक पैरामेडिकल स्टॉफ सहित उपलब्ध आवश्यक संसाधनों की जानकारी ली गई। इसी संबंध में 30 जुलाई को विकासखंड खकनार का भ्रमण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डोईफेडिया में ओपीडी एवं भर्ती गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गई। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खकनार में एनआरसी में भर्ती कुपोषित बच्चो एवं फॉलोअप आदि के रजिस्टर का निरीक्षण किया गया।उपस्वास्थ्य केन्द्र महलगुराडा एवं धावा का भी निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी ली गई।इस दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.अनुराग सोनी, जिला एमएड ई.गणेश पाटील, ब्लॉक प्रोग्राम मेनेजर गंगाराम मंडलोई, भोपाल एनएचएम से आये शैलेन्द्र सिंह एवं दिनेश आदि उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.वर्मा व्दारा बताया गया कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की टीम जिले में 3 दिवसीय दौरे पर है गुरूवार को टीम विकासखंड शाहपुर के स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण करेगी।डॉ.वर्मा ने बताया कि टीम सपोर्टिव सुपरविजन के लिये जिला भ्रमण पर है और जिले में डॉक्टरो की कमी एवं अन्य कर्मचारियो की कमी संबंधी रिपोर्ट भारत सरकार को प्रस्तुत करेगी।

## कलेक्टर बुरहानपुर के आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत याचिका उच्च न्यायालय व्दारा निरस्त

**कलेक्टर का आदेश पूर्णत: वैधानिक।**

बुरहानपुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुरहानपुर के द्वारा मण्प्रण् राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 5 के तहत जिलाबदर संबंधी आदेश के विरुद्ध निवासी चैनपुरा तहसील नेपानगर दिलीप सिसोदिया द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई थी।उच्च न्यायालय द्वारा अनावेदक की याचिका आदेश 11 जुलाई 2025 द्वारा निरस्त कर दी गई। कलेक्टर द्वारा पारित आदेश को पूर्णत: कानून सम्मत होना बताया। ज्ञात हो कि नेपानगर तहसील के वनक्षेत्र में वनों की कटाई को लेकर अवैध गतिविधियों के संबंध में वन मण्डलाधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा अनावेदक दिलीप सिसोदिया के विरुद्ध अपने न्यायालय में राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत कार्यवाही प्रारंभ कर अनावेदक को बुरहानपुर, खण्डवा, खरगोन, बडवानी एवं हरदा की सीमाओं से एक वर्ष के लिये जिलाबदर करने संबंधी आदेश जारी किया गया था।अनावेदक द्वारा उक्त आदेश के विरुद्ध आयुक्त इंदौर संभाग के न्यायालय में पूर्व में अपील भी प्रस्तुत की गई थी जो निरस्त कर दी गई थी।अनावेदक द्वारा उच्च न्यायालय में प्रस्तुत याचिका में डीएफओ की रिपोर्ट के आधार पर जिला दण्डाधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही को गलत बताते हुए चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश में अनावेदक की गतिविधियों को अवैधानिक मानते हुए जिला दण्डाधिकारी बुरहानपुर के आदेश को पूर्णत: वैधानिक एवं नियमानुसार होना बताया एवं अनावेदक व्दारा प्रस्तुत याचिका निरस्त की गई।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन,सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित





नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार जिले में नशे से दूरी है जरूरी अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित रहा। अभियान के तहत जिले में नशामुक्ति को लेकर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित रही।इस अभियान का समापन कार्यक्रम बुधवार को इंदिरा कॉलोनी स्थित परमानंद गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम में आयोजित रहा। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने उपस्थितजनों को शपथ दिलाई। वही अभियान के तहत जागृतिकला केन्द्र के कलाकारो द्वारा नशे के दुष्प्रभावो से परिचित कराते हुए एवं जागरूक संदेश देते हुए रोमांचक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कहा किए किसी भी परिस्थिति में नशा नही करना चाहिए, नशे से दूरी बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।नशा मुक्ति अभियान एक निरंतर चलने वाला अभियान है। वही पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार ने उपस्थितजनो को वर्तमान परिदृश्य में अभियान की आवश्यकता, उद्देश्य और अभियान के दौरान जिले भर में किये गये कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा अभियान के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय स्तर पर प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थानों पर चयनित करीब 200 प्रतिभागियों को प्रशस्ति.पत्र प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों में जिला पुलिस का सहयोग करने वाले करीब 50 सहयोगियों को भी प्रशस्ति.पत्र प्रदान किये।

**नुक्कड़ नाटक का मंचन:**-कार्यक्रम के अगले चरण में नेपा जागृति कला मंच, नेपानगर के कलाकारों व्दारा नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराने और नशामुक्ति अपनाने का संदेश देते हुए एक रोचक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसे उपस्थित अतिथिगण व आम लोगों व्दारा सराहा गया।

**प्रशस्ति पत्र वितरण:**- जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक व्दारा अभियान के दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थानों पर चयनित करीब 200 प्रतियोगियों को प्रशस्ति.पत्र प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों में जिला पुलिस का सहयोग करने वाले करीब 50 सहयोगियों को भी प्रशस्ति.पत्र प्रदान किये गये।

**नशामुक्ति की शपथ:**- कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर श्री हर्ष सिंह व्दारा कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, छात्र. छात्राओं, अध्यापकों, नगर / ग्राम रक्षा समिति सदस्यों, पत्रकारों एवं पुलिस सहयोगियों को नशामुक्ति संबंधी शपथ दिलाई गई।

**पैम्पलेट व हस्ताक्षर अभियान:**- कार्यक्रम में उपस्थित सभी को अभियान से जुड़े पैम्पलेटों का वितरण किया गया तथा सभी को नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान शीट पर हस्ताक्षर कराये गये।

कार्यक्रम में पूर्व महापौर अतुल पटेल ,जिला कलेक्टर श्री हर्ष सिंह,पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार पाटीदार, एडीएम वीरसिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश,एसडीएम अजमेर सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटील,उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा प्रीतमसिंह ठाकुर, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित, थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी, थाना प्रभारी शिकारपुरा कमलसिंह पंवार, थाना प्रभारी गणपतिनाका सुरेश महाले, थाना प्रभारी लालबाग अमित जादौन, थाना प्रभारी नेपानगर श्रीमती ज्ञानू जायसवाल, थाना प्रभारी शाहपुर अखिलेश मिश्रा, थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव, थाना प्रभारी निम्बोला राहुल काम्बले, निरीक्षक विक्रम चौहान,चौकी प्रभारी धूलकोट उनि कमल चौरे, जिला पुलिस के अन्य अफसर व जवान, पूर्व महापौर अतुल पटेल, जिले के सभी थानों से 15.15 नगर / ग्राम सुरक्षा समिति सदस्य आदि उपस्थित थे।

## खापरखेड़ा हनुमान परिसर पौधे बिना पानी सूख रहे





नवभारत न्यूज, डोईफोडिया। खापरखेडा के जंगल में अति प्राचीन स्थित हनुमान मंदिर परिसर को स्थानिय ग्रामीणों की मदद से डोईफोडिया निवासी अरविंन्द चौकसे विकसीत करने में लगे है,किन्तु अनेक बार पौधारापेण करने के बावजुद पौधे सुख जाते है। बताया जाता है कि लगभग यहां 200 से अधिक पौधे लगाए गए है।यहां मंदिर में आने वालो को पीने के पानी और पौधो के लिए भी पानी की अतिआवश्यकता है। पौधों को डालने के लिए कुछ साधन भी नही है टैंकर से लाकर पानी डालना पडता है।ग्रामीणो ने यहां पानी की व्यवस्था हेतु स्थानिय विधायक मंजु दादु से टयुबवेल या हेडपंप की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

## धोखाधड़ी मामले में पूर्व पार्षद सहित पांच कॉलोनाइजरों को भेजा जेल



नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। अवैध कॉलोनी काटकर प्लॉटधारकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले 5 कॉलोनाइजरों को गणपति थाना पुलिस ने खंडवा जेल भेज दिया।आरोपियों की पूर्व में जिला एवं जबलपुर हाइकोर्ट से भी अग्रिम जमानत खारिज हो गई थी। मंगलवार को पुलिस ने न्यायाधीश शीतल बघेल की कोर्ट में आरोपियों के साथ चालान पेश किया था।सुनवाई के बाद सभी का जेल वारंट जारी कर दिया गया।थाना प्रभारी सुरेश महाले ने बताया कि मामला 2024 का है। तहसीलदार की तरफ से शिकायती आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी युसूफ पिता मोहमद बक्षए मोहमद इरफन पिता मोहमद इकबालए अब्दुल रउफ पिता मिया साहबए मोहमद जकी पिता अशरफ आशमी और सलीम पिता सज्जू खान के खिलाफ पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस जांच के बाद प्रकरण में धारा 420ए 34 आइपीसी बढ़ाई गई थी। पुलिस ने आरोपियों के साथ जिला न्यायालय में चालान पेश किया जहां से सभी आरोपियों का जेल वारंट जारी होने के खंडवा जेल भेज दिया गया है।

बतादे कि एमागिर्द पंचायत के आजाद नगर में इरशाद नगर नाम से अवैध कॉलोनी काटी गई थी। कॉलोनाइजरों द्वारा छोटे.छोटे भूखंड में सुविधाएं देने का वादा कर प्लाट विक्रय कर दिए गए।बिजलीए पानीए सडक सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिलने पर लंबे समय से प्लाटधारक जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर रहे थे। जून 2024 में तत्कालीन एसडीएम पल्लवी पुराणिकए तहसीलदार रामलाल पगारे ने कॉलोनी का निरीक्षण कर कॉलोनाइजरों के खिलाफआपराधिक प्रकरण दर्ज कराया था।आरोपियों में पूर्व पार्षद सलीम खान भी शामिल है।

हाइकोर्ट से अग्रिम जमानत खारीज: प्लॉटधारकों से धोखाधड़ी करने वाले पूर्व पार्षद सहित 5 कॉलोनाइजरों को जेलअग्रिम जमानत हुई थी खारिज लोक अभियोजन अधिकारी कैलाशनाथ गौतम ने बताया कि प्रकरण में पुलिस ने धारा 420,34 आइपीसी की धाराएं लगाई थी। अभियुक्त की तरफ से पहले न्यायालय में अग्रिम जमानत लगाई गई थी जो खारिज होने के बाद जबलपुर हाइकोर्ट में भी अग्रिम जमानत के लिए अपील की थी, लेकिन हाइकोर्ट ने भी खारिज कर दिया था। पुलिस ने मंगलवार को प्रकरण में चालान के साथ आरोपियों को भी पेश किया। जहां से सभी का जेल वारंट बनाया गया है।

## शाहपुर में नगर वन , सघन वन की दिशा में 1500 पौधों का वृहद रोपण




नवभारत न्यूज, शाहपुर। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के आयुक्त एवं कलेक्टर बुरहानपुर के कुशल मार्गदर्शन तथा नगर परिषद अध्यक्ष साधना विरेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में नगर परिषद शाहपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त एवं प्रेरणादायी पहल की गई।

शासन द्वारा संचालित अमृत मित्र एवं श्रुमन फॉर ट्री जैसे जनहितकारी अभियानों के अंतर्गत नगर में विभिन्न स्थानों पर कुल 1500 पौधों का सघन रोपण किया गया, जिससे नगर वन दृ सघन वन का स्वरूप आकार ले रहा है।नगर में किया जा रहे पौधारोपण का स्थलवार विवरण निम्न प्रकार है। शीतला माता गार्डन ग्रीन पार्क 265 पौध, टेचिंग ग्राउंड 110 पौधे, कालुषा बाबा दरगाह परिसर 339 पौधे, नया मुक्तिधाम ;मांग नाला 307 पौधे,नया बस स्टैंड,वार्ड क्र.14,90 पौधे,मेस्को माता अमरावती नदी घाट 50 पौधे, शाहपुर.इच्छापुर मुख्य माग 160 पौधे, शीतला माता गार्डन रोड 100 पौधे,ईदगाह परिसर 80 पौधे नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा इन पौधों की नियमित देखभाल एवं निगरानी की जा रही है इस अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान द्वारा नोडल अधिकारी वृक्ष अधिकारी ईश्वर वरखेड़े एवं अन्य कर्मचारियों के साथ एक विशेष दल का गठन किया गया हैए जो पौधों की सतत देखभाल सुनिश्चित कर रहा है ताकि प्रत्येक पौधा सुरक्षित रूप से विकसित हो सके साथ ही नगर परिषद शाहपुर द्वारा पौधों की देखभाल हेतु विशेष प्रबंध किये गये है जिनमे सभी पौधों की ड्रिप सिस्टम से सिंचाई व्यवस्था, घास की नियमित कटाई,कीट सुरक्षा हेतु औषधीय छिड़काव, जिओ टैगिंग द्वारा फोटोग्राफिक निगरानी सुनिश्चित की गई है। नगर परिषद शाहपुर ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इन पौधों की रक्षा एवं संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाएं और एक हरित, स्वच्छ एवं सतत विकासशील नगर के निर्माण में सहभागी बनें।

## एक माह के बाद मुक्ताई नगर में माता के पालखी का आगमन, पुष्पवर्षाकर किया स्वागत



नवभारत न्यूज, ईच्छापूर। संत मुक्ताई माता आषाडी पंढरपुर वारी के लीए 6 जून से मुक्ताई नगर से पंढरपूर के लीए प्रस्थान किया था , अब एक माह के बाद मुक्ताईनगर में माता के पालखी का बुधवार को आगमन हुवा । मुक्ताई माता के स्वागत के लीए पुरा शहर ग्रामीण क्षेत्र के भजन मंडल, महीला भजन मंडल ने हिंडी निकाल कर भव्य स्वागत किया। भजन मंडलीयों एवं डिंडी पर पुष्प वर्षा की गई ।नए मुक्ताई माता के मंदीर से पालखी पुराने मंदीर पर पहुंची , जहा काले का किर्तन हुवा । इस पालखी उत्सव में विदर्भ ,जलगांव ,खानदेश, बुरहानपूर जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में से भी भारी संख्या में भाविक भक्त पहुंचे थे।

## आर्ट ऑफ़लिविंग सत्संग : गुप्तेश्वर महादेव मंदिर महाजना पेठ

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़लिविंग का सत्संग आज गुरुवार रात्रि 9 बजे महाजनापेठ में प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के परिसर में होगा। सत्संग का आयोजन श्रावण मास के निमित्र गुप्तेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा किया गया है। संस्था के केंद्र प्रमुख संतोष देवताले और आयोजन समिति के प्रमुख अंबादास चिनावलकर कृष्णकांत काशीवाले ने बताया कि श्रावण मास के पावन अवसर पर महादेव मंदिर के परिसर में पहले सुबह पूजा अर्चना के साथ रुद्र अभिषेक होगा और संध्या कालीन प्रहर में आर्ट ऑफ़ लिविंग के साधक भरत श्राफ़भरत रावल,राजेंद्र पवारएविजय दुंबानी,दीपाली पंडित, राजरानी मेहता,दीपक अधमने ईश्वरीय आराधना और गुरुभक्ति के साथ शिवजी की महिमा के भजनों की प्रस्तुति देंगे।संस्था के प्रशिक्षक रवीन्द्र पंडित ने बताया कि सत्संग में उपस्थित साधकों को ? नम: शिवाय चेंटिंग के माध्यम से ध्यान क्रिया भी कराई जाएगी तथा प्रशिक्षिका स्नेहा मुंगी द्वारा आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। संस्था से जुड़े संजय जयसवाल,लालू पटेल,भास्करराव चालसे,योगेश श्राफ़लक्ष्मण मित्तल ,आशिष कापडिया,शेखर बोहरा ने संस्था सदस्यों और नगर वासियों से इस श्रावण मास के विशेष सत्संग में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## शव ले जा रहा ट्रैक्टर पुलिया में फंसा ,ग्रामीणों ने कूदकर बचाई जान



नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले के नेपानगर से मांडवा के बीच, मंगलवार दोपहर एक संकरी पुलिया के पास दो ट्रैक्टर.ट्रॉली नाले में फंस गईं। एक में शव थाए दूसरी में ग्रामीण सवार थे। हालांकि नाले में पानी ज्यादा नहीं था, लेकिन बहाव और गहराई के कारण दोनों ट्रैक्टर दलदल में धंस गए। ग्रामीणों ने फुर्ती दिखाते हुए ट्रॉली से कूदकर जान बचाई।बुधवार को इसका वीडियो भी सामने आया है,जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बतादे कि मांडवा निवासी अकलसिंग सोलंकी की मां का निधन हुआ था।उनका अंतिम संस्कार करने के लिए फगन सोलंकी और अकलसिंग सोलंकी दो ट्रैक्टर लेकर निकले थे।एक में शव रखा गया था और दूसरे में ग्रामीणों व अंतिम संस्कार की सामग्री जैसे लकड़ियां आदि थीं।नेपानगर से मांडवा की दूरी मात्र 4.5 किमी है, लेकिन रास्ते में एक छोटी और जर्जर पुलिया पड़ती है। बरसात में अक्सर वहां पानी भर जाता है, जिससे गाड़ियां सीधे पानी से होकर निकलती हैं। मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ।जैसे ही दोनों ट्रैक्टर उस पुलिया से गुजरने लगे,वे नाले में धंस गए।ग्रामीणों को शव सहित ट्रैक्टर को बाहर निकालने में दो घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद कहीं जाकर शव मुक्तिधाम पहुंचा और अंतिम संस्कार हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह पुलिया किसी मुसीबत से कम नहीं होती। बच्चों को स्कूल जाना होए बीमार को अस्पताल या किसी की मृत देह को मुक्तिधाम। हर बार जान जोखिम में डालनी पड़ती है।

**कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे:**-घटना के बाद जयस ब्लॉक उपाध्यक्ष मास्टर रावत मौके पर पहुंचे और स्थिति को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा यह सिर्फ एक पुलिया नहींए यह व्यवस्था की संवेदनहीनता का प्रतीक है। अगर 7 दिन के भीतर इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआए तो हम ग्रामीणों के साथ मिलकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे।

**लंबित वेतन भुगतान मामला** — खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने लोकसभा में उठाई मांग.....

# नेपा मिल के कर्मचारियों का जारी हो लंबित वेतन, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना को भी जल्द करें लागू

**140 गांवों की अर्थव्यवस्था हैं मिल पर निर्भर, सदन में गूंजा नेपा मिल के कर्मचारियों का मुद्दा**






नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुधवार को खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने नेपा मिल के कर्मचारियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लोकसभा में पुरजोर तरीके से उठाया। कर्मचारीयो के विगत एक वर्ष से लंबित वेतन भुगतान,लंबित वेतन पुन: निर्धारण,स्वैच्छिक सेवानिवृत्ती योजना को लागू करने सहित अन्य मांगों को सदन के माध्यम से केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी.कुमार स्वामी के समक्ष रखा। केंद्रीय मंत्री नेआश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर्मचारी हितैषी सरकार है ।आपके द्वारा की गई मांगो पर सार्थक निर्णय लिया जाएगा।

एशिया महाद्वीप का पहला अखबारी कागज कारखाना

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने लोकसभा में नियम 377 के तहत अपनी बात रखते हुए कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा में स्थित ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित नेपालिमिटेडए नेपानगर जिसे कागज की काशी के उपमा से अलंकृत किया गया है। यह कारखाना एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा और स्वतंत्र भारत का पहला अखबारी कागज का कारखाना है,जो भारत सरकार के भारी उद्योग विभाग के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।इस मिल के पुनरुद्धार के लिए सरकार द्वारा कुल 469 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता देकर इस मिल का नवीनीकरण किया गया था। मेरे संसदीय क्षेत्र में यह एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जिस पर लगभग 140 गांवो की अर्थव्यवस्था निर्भर हैं और उन लोगों के रोजगार का एक मात्र साधन भी यही मिल है।

**एक वर्ष से वेतन नहीं:**- सांसद ने बताया कि यहाँ के कर्मचारियों को विगत एक वर्ष से वेतन भुगतान तक नहीं किया जा सका है।मैं भारी उद्योग मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि यदि आप इस मिल को बेचना या किराये पर देना चाहते हैं तो उसके पूर्व इस मिल में कार्यरत कर्मचारियों की सेवाएं प्रभावित न होने पाये व उनकी लंबित देनदारियों 2007 व 2017 के लंबित वेतन पुन: निर्धारण को तत्काल लागू किया जाएए जो कर्मचारी सेवानिवृत्ति लेना चाहते हैं उन्हे स्वैछिक सेवानिवृत्ति योजना का लाभ दिया जाए और कर्मचारियों की समुचित व्यवस्था करें। जिससे यह मिल सतत चलती रहे व इस क्षेत्र की स्थानीय जनता को रोजगार मिलता रहे। मुझे विश्वास है कि सरकार जो भी निर्णय लेगी वो मिल के कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए और उनके हित मे लेगी।सांसद श्री पाटील द्वारा लोकसभा में उठाए गई मांग को लेकर नेपा मिल के कर्मचारीयोए श्रमिक संगठनों व क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया है।